पुजारियों का अपमान बर्दाश्त नहीं, सम्मान की रक्षा के लिए सत्याग्रह की चेतावनी

- अखिल भारतीय पुजारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उठी प्रोटोकॉल की मांग
- ओंकारेश्वर और नलखेड़ा की घटनाओं पर जताया आक्रोश

उज्जैन। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने देशभर में पुजारियों के साथ हो रही घटनाओं और उनके अपमान पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। आगर रोड के राजेंद्र नगर स्थित राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित महासंघ की बैठक में चेतावनी दी गई कि पुजारियों की मांगें नहीं मानी गईं तो देशभर में सत्याग्रह किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने कहा कि पुजारियों को अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए अब एकजुट होना ही होगा।

बैठक में पुजारियों के मान-सम्मान और हितों पर विस्तार से चिंतन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अपने अस्तित्व और आन-बान-शान को बचाने के लिए पुजारियों को यदि बलिदान भी देना पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने मांग की कि देश में जिस प्रकार अन्य विशिष्ट लोगों को प्रोटोकॉल मिलता है, उसी प्रकार मंदिरों के पुजारियों को भी प्रोटोकॉल की सुविधा मिलनी चाहिए। साथ ही मंदिरों के विकास कार्यों में वहां की मर्यादा और परंपराओं का विशेष ध्यान रखा जाए।

झूठे आरोप लगाकर किया जा रहा बदनाम-बैठक में पुजारियों के साथ हो रही अपमानजनक घटनाओं पर चिंता जाहिर की गई। महेश पुजारी ने कहा कि पुजारियों पर झूठे आरोप-प्रत्यारोप लगाकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। बंगाल में पुजारियों का मानदेय बंद कर दिया गया। राम मंदिर में चोरी प्रबंधन से जुड़े लोगों की लापरवाही से हुई, लेकिन साधुओं द्वारा सरकार को पुजारियों की जेब सिलने की सलाह दी गई। ओंकारेश्वर में भगवान के अभिषेक और नलखेड़ा के बगलामुखी मंदिर में ब्राह्मणों को हवन-पूजन से रोका गया। यह सब सनातन धर्म और उसके रक्षक पुजारियों को समाप्त करने के षड्यंत्र जैसा है। महासंघ ने निर्णय लिया है कि देशभर के पुजारियों को एक मंच पर लाकर सरकार के सामने मांगें रखी जाएंगी।

बैठक में यह पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश और उज्जैन नगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें राष्ट्रीय महामंत्री मनोज जोशी, सचिव रूपेश मेहता, सह सचिव महेश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष पंकज शर्मा, सहसंयोजक बृजमोहन शर्मा सोयत, नागदा-खाचरौद प्रभारी नागेश्वर बैरागी, सोनकच्छ तहसील अध्यक्ष प्रेमदास बैरागी, उपाध्यक्ष महंत पं. संजय त्रिवेदी, इंदौर जिलाध्यक्ष अजय शास्त्री, जिला संयोजक संतोष दुबे, देपालपुर तहसील अध्यक्ष पीयूष पांडे, नारायण बर्वे, रमेश चंद्र शर्मा, शंकर शर्मा, उज्जैन नगर अध्यक्ष मंगल पुजारी, उपाध्यक्ष राकेश जोशी, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र मेहता, महामंत्री अमृतेश त्रिवेदी, सचिव घनश्याम दीक्षित, संगठन मंत्री संतोष शर्मा, चेतन शर्मा, अशोक शर्मा, राजेश बैरागी, किशन पांडे, राम शर्मा और गोविंद व्यास सहित कई पदाधिकारी व पुजारी उपस्थित थे।

मक्सी रोड पर 18 से गूंजेगी शिव महापुराण की महिमा

उज्जैन। संस्था शंखनाद समिति द्वारा श्रावण महोत्सव के तहत 18 से 24 अगस्त तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। सेठी नगर स्थित होटल श्रीनाथ में रविवार को आयोजित बैठक में आयोजन की रूपरेखा तय की गई।

सर्वसम्मति से संजय पंवार को संस्था का अध्यक्ष और लोकेन्द्र सिंह गौड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया। कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह गौड़ ने बताया कि कथा मक्सी रोड पवांसा स्थित शीतल स्कूल के पास श्रीराम विजय वाटिका में होगी। ज्योतिषाचार्य पं. अजय शंकर तिवारी के मुखारविंद से श्रद्धालु कथा श्रवण करेंगे। 25 अगस्त को पवांसा, पांड्याखेड़ी और नीमनवासा क्षेत्र की संयुक्त विशाल शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को सफल बनाने में मातृशक्ति को जोड़ने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। इसी प्रकार नीमनवासा से तूफान मालवीय, नरेन्द्र सोलंकी, गोलू दरबार, रमेश गुर्जर, प्रेम राठौर, रामेश्वर पासवान और श्याम बहादुर पासवान शामिल हुए।

आयोजन को भव्य बनाने का लिया संकल्प

बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने आयोजन को भव्य बनाने के लिए अपने विचार रखे और सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में पवांसा से वार्ड 40 पार्षद सतीश राठौर और वार्ड 42 पार्षद बालकृष्ण पटेल सहित आनंद सिंह खींची, जितेन्द्र त्रिवेदी, समंदर सिंह अटल, संतोष सिंह गौड़, अनूप सिंह अटल, भागीरथ सिंह गौड़, विजय गोस्वामी, दीप सिंह अटल, जगदीश सिंह अटल, अमित पंड्या, सुरेश चौधरी, इन्द्रमणि राजपूत, महेन्द्र व्यास, राकेश गुप्ता, राजेन्द्र शर्मा एवं किशोर मरमट उपस्थित थे।

एक नजर में
त्रिवेदी जिलाध्यक्ष मनोनीत

घट्टिया। अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल सत्यनारायण त्रिवेदी एवं राष्ट्रीय महामंत्री रवि ठक्कर द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए जगदीश नारायण त्रिवेदी कालू खेड़ी को उज्जैन ग्रामीण जिला का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया। त्रिवेदी के मनोनय पर ग्रामीण जिले में हर्ष की लहर है व समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

पूर्व कैबिनेट मंत्री को दी श्रद्धांजलि

उज्जैन। हुकमचंद कछवाय (पूर्व सांसद) मेमोरियल ट्रस्ट परिवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व कैबिनेट मंत्री और उज्जैन उत्तर के पूर्व विधायक स्वर्गीय पारस चंद्र जैन को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। ट्रस्ट के अध्यक्ष और पूर्व भाजपा ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेंद्र कछवाय ने स्वर्गीय जैन को याद करते हुए कहा कि वे पार्टी के एक जिम्मेदार नेता होने के साथ-साथ खुद को हमेशा एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में देखते थे। पार्टी के आम कार्यकर्ताओं के बीच उनकी हमेशा से मजबूत पकड़ रही। इस अवसर पर ट्रस्ट के संयोजक व नगर भाजपा अनुसूचित जाति के मंत्री भूपेंद्र कछवाय, सुनील नीमा, अमरीश प्रजापत, जितेंद्र सिंह पवार, राहुल कछवाय, आर्यन कछवाय, सलीम खान, कौशल कछवाय और शुभम समेले ने भी पूर्व मंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जीवन की फोटो गैलरी में नकारात्मकता को डिलिट करें

इंदौर. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के यातायात एवं परिवहन प्रभाग द्वारा ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में यात्री कृपया ध्यान दें थीम पर संस्थान से जुड़े भाई बहनों के लिए प्रशिक्षण सत्र आर्योजित किया गया. इस अवसर पर मुंबई, बोरीवली से यातायात परिवहन प्रभाग की राष्ट्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने विस्तार से सभी को जीवन में सफर और अपने जीवन सफर, दोनों को सुहाना, सुखद बनाने के लिए बहुत ही नए और रचनात्मक तरीके से कई टिप्स बताए. आपने बताया कि हमारे जीवन सफर में अगर हमें आगे बढ़ना है तो संगठन में रहते, एकता को अपना साथी बना लें, तो सफलता निश्चित है। जैसे किसी भी यात्रा के दौरान रास्ते में उतार-चढ़ाव आना स्वाभाविक है, इसी तरह जीवन सफर में भी कई प्रतिकूल परिस्थितियाँ आती हैं लेकिन उस समय भी हम अपने मन को कूल अर्थात् शांत रखें क्योंकि परेशान मन से कभी कोई हल नहीं निकल पाता. जितना हम अपने स्वभाव को सरल बनाते हैं उतना हम स्वत: ही सभी के प्रिय बन जाते हैं. जैसे यात्राओं पर जाते समय हम केवल अच्छे दृश्यों को ही अपने कैमरे की फोटो गैलरी में संजोते हैं, इसी तरह जीवन रूपी यात्रा में भी हम समस्याओं तथा नकारात्मक यादों को डिलीट कर केवल सुखद एवं शिक्षाप्रद यादों को बटोरें तो यह जीवन सफर बहुत आसान और यादगार बन जाएगा. मुंबई से आई वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राकेशा बहन ने भी यात्री कृपया ध्यान दें आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी का स्पष्टीकरण किया. कार्यक्रम में डॉक्टर ए. एल. शर्मा उपस्थित रहे. ट्रांसपोर्ट एवं ट्रेवल विंग की क्षेत्रीय समन्वयक ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने आभार माना। संचालन ब्रह्माकुमारी उषा बहन ने किया.

ओंकारेश्वर से इंदौर तक कावड़ियों की सुरक्षा में पुलिस का पहरा

इंदौर. श्रावण मास में निकलने वाली कावड़ यात्रा को लेकर ग्रामीण पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है. ओंकारेश्वर से इंदौर तक कावड़ियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए खंडवा रोड पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. हादसों की रोकथाम के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है, वहीं पुलिस टीमें दिन रात गश्त कर कावड़ियों से संवाद कर रही हैं. कावड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए खंडवा रोड पर भारी वाहनों के लिए डायवर्शन प्लान तैयार किया है. पुलिस बल को मार्ग पर तैनात किया गया है, जो यातायात संचालन के साथ आपात स्थिति से निपटने के लिए भी तैयार रहेगा. इसी व्यवस्था का जायजा लेने ग्रामीण डीएसपी के साथ सिमरोल थाना प्रभारी कुलदीप खत्री कावड़ियों के रुकने वाले कैंपों में पहुंचे. अधिकारियों ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से बातचीत कर उनकी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया. पुलिस की टीमें रात के समय विश्राम करने वाले कावड़ियों तक पहुंचकर उनकी जरूरतों की जानकारी ले रही हैं. यात्रा मार्ग पर सुरक्षा, चिकित्सा और आपातकालीन सहायता को लेकर भी इंतजाम किए हैं. इसके अलावा लोगों को यातायात नियमों और सावधानी के प्रति जागरूक करने के लिए जगह जगह बैनर लगाए हैं.

संगठन कार्यकर्ताओं की सक्रियता से होता मजबूत

घट्टिया। कोई भी संगठन जमीनी कार्यकर्ताओं की सक्रियता से मजबूत बनता है। संगठन सृजन कार्यक्रम कांग्रेस आलाकमान की ऐसी सोच का परिणाम है जो निचले स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके सम्मान, सहयोग व समन्वय की रणनीति तय करेगा।

उक्त उद्गार महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के प्रभारी सुनील वर्मा ने शनिवार को ग्राम पंचायत जगोटी परिसर में कांग्रेस के जगोटी मंडलम के तहत आने वाली पंचायतों के अध्यक्ष व बीएल ए-2 की बैठक में व्यक्त किए। आपने कहा कि आने वाले समय में हमें निरंतर संगठन व आम आदमी की समस्याओं को लेकर सक्रिय होकर कार्य करना है। अध्यक्षता करते हुए महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश बगाना ने ब्लाक स्तर पर पंचायत इकाईयों के गठन व निर्वाचन नामावली को लेकर नियुक्त पार्टी अभ्यर्थियों के कार्यों की जानकारी दी। बैठक में उपस्थित विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि संगठन व पार्टी कार्यकर्ता सर्वोपरि है उनकी मंशानुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है हमें निरंतर संघर्ष करते हुए संगठन को मजबूत व सक्रिय बनाकर आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में अपनी ताकत दिखानी है।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अनिल आंचलिया, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हीरालाल आंजना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जीतेंद्र मंडोरा, विक्रमसिंह महूडी, रवि बोडाना, सुनील पंवार ने भी सुझाव रखे। इस अवसर पर मुन्ने खां पठान, मोहनलाल परमार, रणछोड़ पटेल महूडी, ईश्वर जाधव, जगदीश डाबिया, भरत मालवीय बरखेड़ी, गोपाल गिरी मैलानिया, अनिल शर्मा ताजपुर, गरीब खां मालीखेडी, संदीप आंजना, धनसिंह पटेल, महेश पांचाल, राहुल चौधरी, टीकमसिंह ताजपुर, आजाद शाह खुरचनिया प्रताप, धनसिंह बापू, ईश्वर शर्मा नारायणा, अनोखीलाल शर्मा बेलाखेडा, किशन डोरिया, कैलाश पंवार, सुरेश पंवार, आदि मौजूद थे। संचालन जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. चैनसिंह चौधरी व आभार कांग्रेस जगोटी मंडलम अध्यक्ष अनंत शर्मा ने व्यक्त किया।

अब्दुल कादर अक्कड़वाला मुख्य अधिकारी नियुक्त

उज्जैन। मानव अधिकार वेलफेयर एंड जस्टिस एसोसिएशन ने संगठन के विस्तार के तहत उज्जैन में समाजसेवी अब्दुल क़ादर अक्कड़वाला को मुख्य अधिकारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अब्दुल क़ादर अक्कड़वाला अपने सेवा भाव, सामाजिक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली के माध्यम से संगठन को नई मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही, मानव अधिकारों से जुड़े कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अब्दुल क़ादर अक्कड़वाला का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

अब्दुल क़ादर अक्कड़वाला ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने, अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने तथा जनहित एवं मानव अधिकारों से जुड़े सेवा कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 100 लोगों की जांच

उज्जैन। अष्टविनायक मंदिर के पास गौरीसन गार्डन में स्वास्तिक पीठाधीश्वर संत अवधेश पुरी महाराज के सानिध्य में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लोटस हॉस्पिटल फ्रीगंज द्वारा लगाया गया। डॉ. प्रवीण पंड्या ने बताया शिविर में चिकित्सकों ने 100 लोगों का परीक्षण व जांच की। इस अवसर पर हेमंत व्यास, सुरेंद्र चतुर्वेदी, शैलेष दुबे, डॉ. योगेंद्र तिवारी, संजय जोशी, खुशबू अंसारी, लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे।

नशा मुक्ति का संदेश देने मंच पर उतरी युवा प्रतिभाएं

उज्जैन। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को माधव विज्ञान महाविद्यालय में 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। रचनात्मकता के जरिए समाज में नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए हुए इस आयोजन के विजेता विद्यार्थी अब राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए भोपाल में उज्जैन जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें पोस्टर-पेंटिंग, स्लोगन लेखन, कविता, नुक्कड़ नाटक, नृत्य, रील मेकिंग, लघु फिल्म निर्माण और भाषण प्रतियोगिता शामिल थीं। जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए विद्यार्थियों ने इसमें अपनी प्रतिभा दिखाई। निर्णायक मंडल ने विषय की प्रासंगिकता, मौलिकता, प्रस्तुति और संदेश के आधार पर मूल्यांकन कर विजेताओं का चयन किया।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी नीतू मीणा और राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. प्रदीप लाखरे के सहयोग से किया गया। शुभारंभ उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक डॉ. एच.एल. अनिजवाल के मुख्य आतिथ्य और प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शेखर मेदमवार विशेष रूप से मौजूद रहे। शाम के सत्र में उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. विशाल टांकले ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

युवाओं को पर्यावरणीय गतिविधियों से जोड़ने पर जोर...

यूथ हॉस्टल उज्जैन का वार्षिक सम्मेलन में अतिथियों ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

उज्जैन। यूथ होस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की उज्जैन इकाई का वार्षिक साधारण सम्मेलन संस्था अध्यक्ष गोपाल महाकाल की अध्यक्षता में वाकणकर संस्कृति न्यास के सभागार में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में गत वर्ष आयोजित ट्रैकिंग एवं अन्य गतिविधियों के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन संस्था सचिव डॉ. निर्दोष निर्भय द्वारा किया गया। वहीं कोषाध्यक्ष मिलन गुप्ता ने लेखा विवरण प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सभासदों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में आगामी योजनाओं को लेकर अशोक वर्मा, दिलीप जोशी, योगेश मेहता एवं सुशील यादव ने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। सभी वक्ताओं ने संस्था से अधिकाधिक युवाओं एवं परिवारों को जोड़ने पर बल दिया, ताकि नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण, साहसिक गतिविधियों, साइकिलिंग तथा देश की प्राकृतिक सुंदरता से जोड़ा जा सके। इस उद्देश्य से स्कूली छात्रों को यूथ हॉस्टल की गतिविधियों की जानकारी देकर उन्हें ट्रैकिंग कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्णय लिया गया।

डॉ. निर्भय ने जानकारी देते हुए बताया कि गत वर्ष 57 सदस्यों ने सरपास हिमालयन ट्रेक, नया टापरू हिमालय ट्रेक, डलहौजी विंटर स्नो ट्रेकिंग, चोपता-तुंगनाथ हिमालयीन ट्रेकिंग, डलहौजी नेचर स्टडी कैंप, डोडिताल हिमालयीन ट्रेकिंग सहित जैसलमेर फैमिली कैंपिंग एवं साइकिल ट्रैक में सक्रिय सहभागिता की। स्थानीय स्तर पर आयोजित तीन साइकिल इवेंट्स में भी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कविता पंडित एवं सबसे छोटे प्रतिभागी त्रिविध भट्ट को पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान की गई।

इस वर्ष उज्जैन इकाई को मध्यप्रदेश राज्य शाखा में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ यूनिट के रूप में चलित मंजूषा एवं राज्य शाखा को सर्वप्रथम अंकेक्षित लेखा विवरण प्रस्तुत करने पर नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बैठक में डॉ. अनीता तोमर, अनुपमा झा, गीता वर्मा, जयंत तैलंग, डॉ. राजेश योहान, सतीश राजगुरु, अशोक वर्मा, पूर्व सचिव प्रदीप जोग सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में दिलीप चौहान ने आभार व्यक्त किया तथा अल्पाहार के साथ सभा का समापन हुआ। जानकारी अमित माथुर ने दी।

एमवाय अस्पताल से मानसिक अस्वस्थ महिला लापता

इलाज के दौरान बिना बताए निकली, रतलाम से आई थी महिला

नव भारत न्यूज

इंदौर. एमवाय अस्पताल में उपचार करा रही मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है. महिला के अस्पताल से चले जाने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है.

रतलाम जिले के शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम कालाखेत निवासी हुमली बाई पति रामकिशन मानसिक परेशानी के चलते एमवाय अस्पताल में इलाज करा रही थी. 18 जुलाई को वह अस्पताल परिसर से अचानक कहीं चली गई.

महिला के गायब होने के बाद परिजनों ने अस्पताल और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगे कैमरों सहित अन्य माध्यमों से महिला की जानकारी जुटा रही है.

एक नजर में
दो दिवसीय गेस्ट्रो अपडेट 2.0 का समापन

समय पर जांच, आधुनिक उपचार पद्धतियों से गंभीर बीमारियों का उपचार संभव

इंदौर. दो दिवसीय गैस्ट्रो अपडेट 2.0 एवं आईएसजी इंदौर 2026 की वार्षिक बैठक के दूसरे एवं अंतिम दिन पीलिया, लिवर रोग, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के कारण, उनके बचाव तथा लिवर ट्रांसप्लांट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने केस स्टडीज प्रस्तुत की और चर्चा की. इसमें सामने आया कि बदलती जीवनशैली, असंतुलित खानपान और देर से जांच कराना आज पेट एवं लिवर संबंधी बीमारियों के प्रमुख कारण हैं।

समय पर जांच, स्वस्थ जीवनशैली और आधुनिक उपचार पद्धतियों के माध्यम से अधिकांश गंभीर बीमारियों का सफल उपचार संभव है. गट क्लब इंदौर और मेदांता हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. हरि प्रसाद यादव ने कहा अक्सर लोग पीलिया को एक सामान्य बीमारी समझकर घरेलू उपचार या झाड़-फूंक जैसी अप्रमाणित पद्धतियों का सहारा लेने लगते हैं, जबकि पीलिया कई बार लिवर, पित्त नली या वायरल संक्रमण से जुड़ी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है. आंखों और त्वचा का पीला पड़ना, गहरे रंग का पेशाब, लगातार थकान, भूख कम लगना, उल्टी या बुखार जैसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देरी किए विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच करानी चाहिए. सही समय पर उपचार शुरू होने से लिवर को गंभीर क्षति से बचाया जा सकता है. ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. अरुण एस. भदौरिया ने बताया कि दूसरे दिन के वैज्ञानिक सत्रों में पीलिया की सही पहचान, फैटी लिवर के नवीनतम उपचार, क्रोनिक हेपेटाइटिस-बी के प्रबंधन, लिवर ट्रांसप्लांट की वर्तमान चुनौतियों, जैसे विषयों पर विस्तृत व्याख्यान और इंटरएक्टिव केस डिस्कशन आयोजित किए गए. विशेषज्ञों ने जटिल मरीजों के उपचार से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए.

अंगदान को लेकर जागरूकता नहीं

लिवर ट्रांसप्लांट पर आयोजित एक सत्र में वरिष्ठ पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय जैन ने बताया कि भारत में हर वर्ष हजारों मरीजों को लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता होती है, लेकिन उपलब्ध डोनर्स की संख्या उसकी तुलना में बेहद कम है. डोनर और रिसीवर की संख्या के बीच यही बड़ा अंतर अनेक मरीजों के लिए जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन जाता है. उन्होंने कहा कि मृतक अंगदान के प्रति समाज में अभी भी पर्याप्त जागरूकता नहीं है. यदि अधिक से अधिक लोग अंगदान का संकल्प लें तो हजारों मरीजों को नया जीवन मिल सकता है.

मित्रता दिवस पर महाबैंक परिवार का मिलन समारोह

इंदौर. मित्रता दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अंचल कार्यालय, इंदौर में महाबैंक परिवार के बैनर तले एक विशेष मिलन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए.

समारोह में लगभग 25 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ साथियों से लेकर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की. लगभग 80 वर्ष की आयु के वरिष्ठ साथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की. वर्षों बाद एक-दूसरे से मिलकर सभी ने पुरानी स्मृतियों को ताज़ा किया तथा आत्मीय वातावरण में मित्रता दिवस का उत्सव मनाया. कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र, इंदौर अंचल के अंचल प्रमुख संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक की वर्तमान उपलब्धियों की मजबूत नींव पूर्व अधिकारियों और कर्मचारियों के समर्पण, ईमानदारी और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति पर आधारित है. उन्होंने वरिष्ठ साथियों के अनुभवों को बैंक की अमूल्य धरोहर बताया. इस अवसर पर सेवानिवृत्त साथियों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किए तथा बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं ग्राहक-केंद्रित बनाने के संबंध में उपयोगी सुझाव भी दिए. आभार अप अंचल प्रबंधक कुमार गौतम द्वार व्यक्त किया गया.